>

Title: Request the government to allot special fund for the development of Parliamentary Constituency shravasti Balrampur.

श्री राम शिरोमणि (श्रावस्ती): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश के अपने संसदीय क्षेत्र श्रावस्ती-बलरामपुर की तरफ दिलाना चाहता हूँ। इन जिलों में आज़ादी के 70 वर्षों के बाद भी विकास कहीं दूर-दूर तक दिखाई नहीं देता है। यहाँ के गरीब व किसान के बच्चे आज भी मूलभूत सुविधाओं जैसे- शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, टेलीफोन, विद्युत, सड़क आदि से वंचित हैं। नेपाल बार्डर से सटे हुए सुदूर तराई इलाकों व वनों में थारू जनजाति रहती है, जो अभी भी विकास की मुख्यधारा से नहीं जुड़ पाई है।

महोदय, इस क्षेत्र में कोई भी मेडिकल कॉलेज न होने के कारण यहाँ के मरीजों को अपने इलाज हेतू लगभग 150 से 200 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे इनकी माली हालत पर असर तो पड़ता ही है, साथ-साथ अन्य परेशानियों का सामना भी करना पड़ता है। इस क्षेत्र के किसानों को अपने फसल की सिंचाई के लिए सरकार की किसी भी योजना का लाभ तक नहीं मिलता है। किसानों को समय पर न ही गन्ने की पर्ची मिल पा रही है, जिससे किसान अपने गन्ने की बिक्री नहीं कर पाते हैं तथा अभी हाल में ओलावृष्टि के कारण किसानों की फसलों को ज्यादा नुकसान हुआ है। उसका मुआवजा दिया जाए।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से यह अनुरोध करता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र की सम्मानित जनता व किसानों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कोई विशेष अनुदान राशि आवंटित की जाए। ये दोनों जिले आकांक्षी जिले की श्रेणी में भी आते हैं। धन्यवाद।